प्रेस नोट जनपद मुरादाबाद

श्री हेमराज मीना, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशन में अपराध व अपराधियों पर अंकुश एवं प्रभावी नियन्त्रण बनाये रखने हेतु आज दिनांक 15.04.2024 को जनपद मुरादाबाद से निम्न कार्यवाही की गयीः-

1- सट्टे की खाईबाडी करते 02 आरोपी गिरफ्तार थाना भगतपुरः-

अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशानुसार जुआ/सट्टा कार्य पर रोकथाम एवं संलिप्त अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत दिनांक 14.04.2024 की रात्रि में उ0नि0 जुगेन्द्र सिहं थाना भगतपुर द्वारा मय हमराही पुलिस बल के आरोपीगण 1. गुलफाम अली पुत्र इन्तजार अली नि0 ग्राम वुढानपुर अलीगंज थाना भगतपुर मुरादाबाद 2. फईम अंसारी पुत्र कदीर नि0 ग्राम वुढानपुर अलीगंज थाना भगतपुर मुरादाबाद को सट्टे की खाईबाडी करते गिरफ्तार किया गया तथा मौके से गत्ता तख्ती, सट्टा पर्ची, कलम व 1630/- रुपये बरामद किये गये। इस संबंध में आरोपीगण उपरोक्त के विरुद्ध थाना भगतपुर पर मु0अ0सं0- 112/2024 धारा 13 जी अधिनियम पंजीकृत किया गया। अन्य विधिक कार्यवाही प्रचलित है।

2- अवैध तमंचा व कारतूस के साथ 01 आरोपी गिरफ्तार थाना भगतपुर:-

अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशानुसार अवैध शस्त्रो के निर्माण / तस्करी पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने व संलिप्त अपराधियो की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत आज दिनांक 15.04.2024 को उ0नि0 जुगेन्द्र सिहं थाना भगतपुर मुरादाबाद द्वारा मय हमराही पुलिस बल के आरोपी सतेन्द्र उर्फ डॉन पुत्र उदलसिहं नि0 ग्राम वुढानपुर अलीगंज थाना भगतपुर मुरादाबाद को अवैध एक तमंचा व 01 कारतूस 12 बोर के साथ गिरफ्तार किया गया। इस सम्बन्ध में थाना भगतपुर पर आरोपी उपरोक्त के विरुद्ध मु0अ0सं0- 113/2024 धारा- 3/25 आयुध अधिनियम पंजीकृत किया गया। अन्य विधिक कार्यवाही प्रचलित है।

3- थाना कटघर पुलिस ने शान्ति भंग करने के 03 आरोपियो को किया गिरफ्तारः-

अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशानुसार कानून एवं शान्ति व्यवस्था को सुदृढ़ बनाये रखने हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत आज दिनांक 15.04.2024 को थाना कटघर पुलिस द्वारा कानून एवं शान्ति व्यवस्था भंग कर रहे आरोपीगण 1. सलमान पुत्र शाहिद अली निवासी करूला गली नं0 10 थाना कटघर जनपद मुरादाबाद 2.सलमान पुत्र साजिद निवासी जाहिदनगर गली नं0 09 थाना कटघर जनपद मुरादाबाद 3.दीपक उर्फ सनी पुत्र रामबिहारी निवासी अक्का डिलारी ग्राम गोर्वधनपुर थाना मूँढापाण्डे जनपद मुरादाबाद को संज्ञेय अपराध कारित करने से रोकने एवं शान्तिव्यवस्था कायम रखने हेतु अन्तर्गत धारा 151/107/116 Cr.P.C में गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय भेजा गया।